राज्यपाल सचिवालय
लोकभवन, राजस्थान

**राजस्थान के विश्वविद्यालयों के साथ ऑस्ट्रेलिया में शिक्षा के सफल प्रयोगों की विनिमय संभावनाओं पर होगा कार्य**

**राज्यपाल श्री बागडे की पहल पर ऑस्ट्रेलिया की तर्ज पर आदिवासी संस्कृति संरक्षण के लिए भी होगा कार्य**

# ऑस्ट्रेलिया के उच्च–स्तरीय राजनयिक पॉल मर्फी ने राज्यपाल श्री बागडे से मुलाकात की

जयपुर, 14 जुलाई। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से मंगलवार को लोकभवन में ऑस्ट्रेलिया के उच्च–स्तरीय राजनयिक पॉल मर्फी ने मुलाकात की। इस दौरान लोकभवन में आयोजित अनौपचारिक बैठक में उन्होंने भारत–ऑस्ट्रेलिया के बीच व्यापार, शिक्षा, और वाणिज्यिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। राजस्थान में भी उच्च शिक्षा, आदिवासी संस्कृति संरक्षण और कृषि में नवाचारों के सबंध में बैठक में विशेष रूप से चर्चा हुई।

राज्यपाल श्री बागडे ने उच्च शिक्षा में ऑस्ट्रेलिया के सफल नवाचारों, आदिवासी संस्कृति संरक्षण और शुष्क क्षेत्र में कम पानी में अधिक पैदावार से जुड़ी कृषि से जुड़े कार्यों से राजस्थान को भी लाभान्वित किए जाने का आह्वान किया। श्री पॉल मर्फी ने राज्यपाल श्री बागडे की पहल पर राजस्थान के विश्वविद्यालयों के साथ ऑस्ट्रेलिया के उच्च शैक्षिक कार्यक्रमों के विनिमय की संभावनाओं पर कार्य करने पर सहमति जताई। बैठक में यह तय किया गया कि आने वाले दिनों में राजस्थान स्थित विश्वविद्यालयों के कुलगुरुओं एवं ऑस्ट्रेलिया के शिक्षाविदों और कुलपतियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद और चर्चा आयोजित होगी। इसके साथ ही अन्य शैक्षिक एक्सचेंज कार्यक्रमों और गतिविधियों के संबंध में भी संभावनाएं तलाश कर उन पर कार्य किया जाएगा।

राज्यपाल श्री बागडे को श्री पॉल मर्फी ने ऑस्ट्रेलिया में कम पानी और शुष्क वातावरण में कृषि से जुड़ी पद्धति के बारे में भी विशेष रूप से जानकारी दी। राज्यपाल श्री बागडे ने इस तरह की कृषि पद्धति से राजस्थान को भी लाभान्वित किए जाने का आग्रह किया। राजस्थान की आदिवासी धरोहर संरक्षण के संबंध में भी बैठक में विशेष चर्चा हुई। इसके अंतर्गत ऑस्ट्रेलिया उच्चस्तरीय राजनयिक, वाणिज्यिक महादूत पॉल मर्फी ने ऑस्ट्रेलियाई आदिवासी एबोरिजिनल ओरिजिन पीपल इन ऑस्ट्रेलिया और राजस्थान के आदिवासी लोगों की संस्कृति से संबंधित धरोहर संरक्षण के संबंध में भी कार्य करने पर सहमति जताई। इस संबंध में ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल अगले एककृदो माह में उदयपुर स्थित पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र का भ्रमण करेगा और इस संबंध में भविष्य में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा पर विचार करेगा।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल श्री बागडे जब महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष थे तब उनका ऑस्ट्रेलिया जाना हुआ था। इसी दौरान उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में सिविक सेंस, सड़क यातायात और शिक्षा तथा कृषि क्षेत्र के कार्यों को महत्वपूर्ण बताते हुए इन्हें भारत के लिए भी उपयोगी बताया था। इसी आलोक में ऑस्ट्रेलिया के उच्च स्तरीय राजनयिक ने राजस्थान में भी कार्य करने की भविष्य की संभावनाओं पर सहमति जताई है।

बैठक में राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों और कृषि से जुड़े कार्यों के बारे में चर्चा की। सहकारिता विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा और ऑस्ट्रेलिया महावाणिज्यदूत के सहायक श्री नजीन लूथ भी इस दौरान उपस्थित रहे।

———





